दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, शनिवार 08 जनवरी 2022 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-04, अंक- 102

## देश में फिर मचा कोरोना का कोहराम: 24 घंटे में 1.17 लाख नए मामले, ओमिक्रॉन के 3,000 मामले हुए

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश में नए वैरिएंट ओमिक्रॉन की आड़ में कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर कहर बरपाती नजर आ रही है। पिछले 24 घंटे में कोरोना के रिकार्ड 1.17 लाख से ज्यादा मामले सामने आए। मसलन पिछले 10 दिनों में कोरोना संक्रमण 10 गुना से भी अधिक बढ़ा है। वहीं उपचाराधीन मरीजों की संख्या बड़ती तेजी से बढ़ते हुए चार लाख का आंकड़ा पार कर गई है। दूसरी ओर देश में अभी तक तक कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन के 3,000 मामलों की पुष्टि हो पाई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार देश में कोविड-19 के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन के कारण तीसरी लहर की शुरुआत हो चुकी है। विशेषज्ञों का कहना है कि ओमिक्रॉन के कारण दूसरी लहर की तुलना में कोरोना वायरस का संक्रमण बहुत तेजी से फैल रहा है। मंत्रालय के आंकड़े पर गौर की जाए तो पिछले एक दिन में देशभर में कोरोना



संक्रमण के 1.17 लाख 100 नए मामले सामने आए हैं। दैनिक मामलों की यह संख्या गत 5 जून, 2021 के बाद यह सबसे अधिक है। दैनिक मामले केवल 10 दिनों में 10 गुना से अधिक हो गए हैं। इससे पहले सबसे कम 28 दिसंबर को सिर्फ 9,155 नए संक्रमण के केस दर्ज किए गए थे।

दिल्ली-मुंबई में मचा है कोहराम

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पिछले एक दिन में 15,097 नए मामले सामने आए जो पिछले साल 8 मई के बाद सबसे ज्यादा हैं। पिछले दो दिनों में राष्ट्रीय राजधानी में दैनिक मामले तीन गुना हो गए हैं। इससे पहले मंगलवार को 5,481 और बुधवार को 10,665 नए मामले सामने आए थे। वहीं मुंबई में भी इसी तरह की वृद्धि देखी जा रही है। यहां मंगलवार को 10,606 मामले और बुधवार को 15,014 मामले सामने आए थे। वहीं, गुरुवार को 19,780 नए केस दर्ज किए गए हुए।

**महाराष्ट्र के साथ बंगाल में कहर–** कोरोना संक्रमण की इस रफ्तार में महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और दिल्ली में सबसे अधिक संक्रमण के केस सामने आ रहे हैं। पिछले एक दिन में महाराष्ट्र में 36365 नए मामले दर्ज किए गए, जो देश के किसी भी राज्य में सबसे अधिक है। 16 मई, 2021 के बाद से महाराष्ट्र में सबसे अधिक केस सामने आए हैं। वहीं, पश्चिम बंगाल में 15421 नए मामलों की पुष्टि कल हुई है।

**तीसरी लहर के कारण शुरू हुआ पाबंदियों का दौर–** देश भर में दर्जनों राज्य सरकारें पहले ही नाइट कर्फ्यू और वीकेंड लॉकडाउन के साथ-साथ साथ-साथ स्कूलों को भी बंद कर चुकी हैं। हालांकि, कई राज्यों में राजनीतिक रैलिया जारी हैं, जहां अगले कुछ हफ्तों और महीनों में चुनाव होने वाले हैं। इस बीच, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों को जिला और उप-जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष फिर से स्थापित करने का निर्देश दिया है। इसका मकसद गंभीर मरीजों के लिए एम्बुलेंस और अस्पताल के बिस्तर की बुकिंग जैसी सुविधाएं सुनिश्चित करना है।

**केंद्र के राज्यों को कई दिशानिर्देश–** केंद्र सरकार ने नियंत्रण कक्षों में पर्याप्त रूप से चिकित्सा चिकित्सक, परामर्शदाता और अन्य संबंधित कर्मचारियों के साथ स्वयंसेवकों का स्टाफ की तैनाती सुनिश्चित करने के लिए कहा है। केंद्र के निर्देश ने इन नियंत्रण कक्षों में निर्बाध कनेक्टिविटी के लिए कंप्यूटर और ब्रॉडबैंड के संदर्भ में बुनियादी ढांचे को सक्षम करने और निर्दिष्ट आबादी के लिए पर्याप्त फोन लाइनों की आवश्यकता पर जोर दिया है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### उत्तराखंड में कोरोना के 814 नए केस, राजधानी दून में 325 केस

**देहरादून (आरएनएस)।** उत्तराखंड में शुक्रवार को सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए प्रदेश भर से 814 कोरोना संक्रमण के नए मामले सामने आए है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी हेल्थ बुलेटिन के अनुसार आज यानी शुक्रवार को प्रदेश भर में 814 नए कोरोना संक्रमण के मामले सामने आए है। इसके साथ ही पिछले 24 घंटे के भीतर प्रदेश भर में 147 लोग कोरोना संक्रमण से ठीक हो चुके है। हालांकि, अबतक उत्तराखंड में 7423 लोगों की मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य विभाग के हेल्थ बुलेटिन के अनुसार राज्य में 2022 एक्टिव केस हैं। तो वहीं, 24 घंटे के भीतर सबसे ज्यादा देहरादून जिले में 325 नए केस सामने आए हैं। इसके साथ ही नैनीताल जिले में 233, बागेश्वर जिले में 10, चंपावत जिले में 13, उत्तरकाशी जिले में 10, हरिद्वार जिले में 119, अल्मोड़ा जिले में 18, रुद्रप्रयाग जिले में 6, पिथौरागढ़ जिले में 11, टिहरी जिले में 12, चमोली जिले में 5, पौड़ी जिले में 21, और उधमसिंह नगर जिले में 35 केस आये है।

### जम्मू के बाहरी इलाके में मिला संदिग्ध ड्रोन

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू कश्मीर में जम्मू के बाहरी पौनी चक इलाके में प्लॉट से एक संदिग्ध ड्रोन मिला है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्लॉट के मालक ने बीती देर रात को पुलिस को सूचना दी कि उसके प्लॉट में ड्रॉन जैसी संदिग्ध वस्तु दिखाई दे रही है। जिसके बाद पौनी चक पुलिस का दल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने संदिग्ध वस्तु के बारे में पुष्टि करते हुए कहा, हमें संदिग्ध उपकरण के बारे में सूचित किया गया है और हमने मौके पर पहुंच कर इसे अपने कब्जे में ले लिया है। उन्होंने कहा कि यह ड्रोन जैसा दिखाई दे रहा है लेकिन हम इसके बारे में पूरी जानकारी हासिल करने के बाद ही इसकी पुष्टि की जायेगी।

### इटली से अमृतसर लौटे एक और चार्टर विमान में कोरोना विस्फोट, 173 यात्री निकले संक्रमित

**अमृतसर (आरएनएस)।** इटली से अमृतसर पहुंचे एक और चार्टज विमान में कोरोना विस्फोट हुआ है। 280 यात्रियों में से 173 यात्री कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। कुछ दिन पहले इटली से लौटे एक अन्य विमान में 179 यात्रियों में से 125 यात्री संक्रमित मिले थे। अमृतसर एयरपोर्ट निदेशक वीके सेठ ने मामले की जानकारी दी। श्री गुरु राम दास जी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के निदेशक वीके सेठ ने बताया कि रोम से एक चार्टर्ड विमान में 285 यात्रियों में से 173 कोरोना संक्रमित निकले हैं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को मामले की पुष्टि हुई है। फिलहाल सभी को अलग-अलग क्वारंटाइन कर दिया गया है। हवाई अड्डे के निदेशक ने कहा कि अभी टेस्टिंग जारी है, लिहाजा संक्रमित यात्रियों की संख्या में इजाफा हो सकता है। बताया जा रहा है कि चार्टर विमान को पुर्तगाल देश के यूरोअटलांटिक एयरवेज द्वारा संचालित किया जा रहा था।

## ओमिक्रॉन का पता लगाने के लिए भारत में बनी जांच किट



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** टाटा मेडिकल एंड डायग्नोस्टिक्स यानि टाटा एमडी ने ओमिक्रॉन का पता लगाने वाली एक कोविड जांच किट बना ली है जिसे आईसीएमआर से मंजूरी भी मिल गई है। यह बस कुछ ही दिनों में बाजारों में उपलब्ध हो जाएगी। इस किट का नाम ओमिश्योर है, जो नाक और गले से लिए गए सैंपलों की जांच कर कोविड-19 के ओमिक्रॉन वेरिएंट का पता लगा सकती है। वहीं यह दूसरे वेरिएंटों का भी पता लगा सकती ही।

भारत में कोविड प्रबंधन की मुख्य संस्था इंडियन कॉउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च द्वारा इसके इस्तेमाल की दी गई मंजूरी के बाद उम्मीद है कि किट 12 जनवरी से बाजारों में उपलब्ध हो जाएगी। अनूठी किट कंपनी ने बताया कि इस किट का जांच का तरीका अनोखा है जिसके तहत ओमिक्रॉन का पता तो लगाया जा ही सकता है, वहीं अगर सैंपल में कोई और एसएआरएस-सीओवी-2 का वेरिएंट हो तो किट उसका भी पता लगा लेगी. इसे दो तरह के एस-जीन वायरल टारगेट का इस्तेमाल करने वाली दुनिया की पहली किट बताया जा रहा है। पहला टारगेट एस-जीन ड्रॉपआउट या एस-जीन टारगेट फेलियर पर आधारित है और दूसरे टारगेट एस-जीन म्युटेशन एम्पलीफिकेशन पर आधारित है। बताया जा रहा है कि यह घर पर खुद जांच कर लेने की किट नहीं है, बल्कि प्रयोगशालाओं में प्रशिक्षित कर्मियों द्वारा इस्तेमाल करने की किट है. यह ढाई घंटे में नतीजा दे देती है।

## अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए 7 दिन का होम क्वारंटाइन जरूरी : केंद्र

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश में कोरोना मामलों में वृद्धि के बीच केंद्र सरकार ने सभी अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए नए नियम जारी किए हैं। इसके मुताबिक अब से आने वाले सभी अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को 7 दिनों के लिए होम क्वारंटाइन से गुजरना होगा। इसके बाद आठवें दिन आरटीपीसीआर टेस्ट किया जाएगा। नए सरकारी सर्कुलर में कहा गया है कि नई मानक संचालन प्रक्रिया 11 जनवरी, 2022 से अगले आदेश तक मान्य होगी।

केंद्र के नए नियम के मुताबिक भारत की यात्रा करने के इच्छुक लोगों को ऑनलाइन एयर सुविधा पोर्टल पर सेल्फ-डिक्लेयरेशन फॉर्म में एक फुल और तथ्यात्मक जानकारी जमा करनी होगी। उन्हें यात्रा शुरू करने से 72 घंटे के भीतर किए गए कोविडह आरटी पीसीआर टेस्ट की निगेटिव रिपोर्ट भी अपलोड करनी होगी। अन्य विवरणों के अलावा, जिन यात्रियों को आगमन पर टेस्ट करने की आवश्यकता है, उन्हें एयर सुविधा पोर्टल पर ऑनलाइन टेस्ट की प्री-बुकिंग करनी होगी। सरकार ने बढ़ते कोविड-19 मामलों और कोरोना वायरस के नए ओमिक्रॉन वैरिएंट के खतरे को देखते हुए भारत में अंतरराष्ट्रीय आगमन के लिए मौजूदा दिशानिर्देशों को संशोधित किया है। नए दिशानिर्देशों के अनुसार, पिछले 14 दिनों के यात्रा विवरण सहित यात्रियों को उनकी निर्धारित यात्रा से पहले ऑनलाइन हवाई सुविधा पोर्टल पर एक स्व-घोषणा पत्र में पूर्ण और तथ्यात्मक जानकारी जमा करनी होगी।

## दस लाख की वसूली में सिपाही, प्रधान आरक्षक गिरफ्तार

**इंदौर (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश के इंदौर में नागपुर के दवा व्यवसायी रोहित अग्रवाल को अगवा कर दस लाख रुपये वसूलने के आरोप में छोटी ग्वालटोली थाना पुलिस ने शिप्रा थाना के सिपाही लखन हाड़ा व प्रधान आरक्षक शैलेंद्र ड्क्ससह चंदेल सहित सात लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से सात लाख 90 हजार रुपये नकद, लाइसेंसी रिवाल्वर और कार जब्त कर ली है। पुलिस गिरोह के प्रिंस सहित तीन की तलाश में छापे मारे जा रहे हैं। एडिशनल डीसीपी जोन-तीन शशिकांत कनकने के मुताबिक सुखानी काम्पलेक्स वर्धमान नगर नंदनवन नागपुर (महाराष्ट्र) निवासी रोहित अग्रवाल 29 दिसम्बर को व्यवसाय के सिलसिले में इंदौर आया था। रिंग रोड स्थित एक बार में आरोपित आशीष गुर्जर रोहित से मिला और कहा कि उसके पास कालाबाजारी की सिगरेट है, जो सस्ते में बेचना चाहता है, दस लाख रुपये की सिगरेट खरीदने प दो लाख रुपयों का मुनाफा होगा। रोहित ने सौदा तय कर लिया और बयाना पेटे एक लाख रुपये दे दिए। दोनों की वाट्सएप पर बातचीत होती रही।



आरोपितों ने तीन जनवरी को रोहित को फिर इंदौर बुलाया। चर्चा के अनुसार रोहित छोटी ग्वालटोली स्थित नीलम होटल में रुक गया। सुबह करीब दस बजे आशीष दोस्त चेतन यादव को लेकर होटल पहुंचा और सिगरेट, लेनदेन व डिलीवरी के बारे में बात पक्की कर ली। चार जनवरी को रोहित ने आगरा (उप्र) में रहने वाले ससुर रामअवतार को दस लाख रुपये लेकर इंदोर बुला लिया। मांगलिया जाने के दौरान बायपास पर अचानक एक कार आई और आरोपित विनोद मौर्या, अवधेशसिंह, प्रमोद दुबे व लखन हाड़ा ने रोहित को बैठा लिया। अवधेश ने लाइसेंसी रिवाल्वर अड़ाकर गोली मारने की धमकी दी और कहा ससुर को बोलो अनूप व चेतन को आठ लाख 80 हजार रुपये दे दे। कुछ देर बाद सिपाही लखन ने गिरफ्तारी की धमकी दी और रुपये मांगे। उसने कहा कि जो सिगरेट खरीदने आया है वह कालाबाजारी की है। क्राइम ब्रांच ने गिरोह को पकड़ लिया है।

## ओमिक्रॉन हल्का नहीं है, लोग अस्पतालों में भर्ती हो रहे हैं और जान भी गंवा रहे हैं - डब्ल्यूएचओ प्रमुख

**जिनेवा।** डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक डॉ. ट्रेडोस एडनॉम घेबियस ने कहा कि ओमिक्रॉन डेल्टा की तुलना में कम गंभीर प्रतीत होता है और विशेष रूप से टीकाकरण वाले लोगों में यह कम गंभीर है। मगर इसका मतलब यह नहीं है कि इसे पिछले वैरिएंट की तरह ही माइल्ड (हल्का) के तौर पर मान लेना चाहिए।

उन्होंने चेताते हुए कहा कि ओमिक्रॉन की वजह से लोग अस्पतालों में भर्ती हो रहे हैं और उनकी जान भी ले रहा है।

उन्होंने जोर देते हुए कहा कि वास्तव में, मामलों की सुनामी इतनी बड़ी और तेज है, कि यह दुनिया भर में स्वास्थ्य प्रणालियों पर भारी पड़ रही है। स्वास्थ्य निकाय के महानिदेशक ने आगे कहा कि पहली पीढ़ी के टीके सभी संक्रमणों और संचरण को रोक नहीं सकते हैं, लेकिन वे अस्पताल में भर्ती होने और इस वायरस से होने वाली मृत्यु को कम करने में अत्यधिक प्रभावी रहते हैं। उन्होंने कहा कि टीकाकरण के साथ-साथ सार्वजनिक स्वास्थ्य सामाजिक उपाय, जिसमें अच्छी तरह से फिटिंग वाले मास्क पहनना, दूरी बनाना, भीड़ से बचना और वेंटिलेशन में सुधार करना आदि शामिल है, वायरस को सीमित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। वैक्सीन रोलआउट की वर्तमान गति से, 109 देश जुलाई 2022 की शुरूआत तक अपनी 70 प्रतिशत आबादी का पूरी तरह से टीकाकरण करने से चूक जाएंगे। पिछले हफ्ते, महामारी में अब तक सबसे अधिक कोविड -19 मामले सामने आए। उन्होंने आगे कहा कि हम निश्चित रूप से जानते हैं कि यह मामलों का एक कम आंकलन है। जॉन्स हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के अनुसार, दुनिया भर में चल रहे पुनरुत्थान के बीच, वैश्विक कोरोनावायरस मामलों का आंकड़ा 29.7 करोड़ से ऊपर हो गया है, जबकि मौतें 54.6 लाख से अधिक हो गई हैं और टीकाकरण 9.27 अरब से अधिक हो गया है। गुरुवार सुबह अपने नवीनतम अपडेट में, यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर सिस्टम साइंस एंड इंजीनियरिंग (सीएसएसई) ने खुलासा किया कि वर्तमान वैश्विक मामले और मरने वालों की संख्या क्रमशः 297,504,250 और 5,464,532 है, जबकि दिए गए टीके की कुल संख्या बढ़कर 9,279,347,173 हो गई है। सीएसएसई के अनुसार, दुनिया के सबसे अधिक मामलों और मौतों (क्रमशः 57,649,131 और 832,061) के साथ अमेरिका सबसे ज्यादा प्रभावित देश बना हुआ है। मामलों के बारे में बात करें तो दूसरा सबसे प्रभावित देश भारत (35,018,358 संक्रमण और 482,551 मौतें) है। इसके बाद ब्राजील (22,328,252 संक्रमण और 619,654 मौतें) तीसरे नंबर पर हैं।

## दाल कारोबारी के ठिकानों पर आयकर की छापेमारी, मचा हड़कंप

**कानपुर (आरएनएस)।** यूपी में इत्र और जूते के बाद अब दाल कारोबारी आयकर के रडार पर हैं। आयकर विभाग की पांच टीमें मटर कारोबारी के कई ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। मिल रही सूचना के मुताबिक दाल कारोबारी के ठिकानों पर भी छापेमारी हो रही है। छापेमारी की सूचना हड़कंप मचा है। शुक्रवार को मटर और प्लास्टिक दलाल गौरव जयसवाल के नया गंज पुरानी दालमंडी स्थित आवास और ऑफिस पर दिल्ली से आई जीएसटी इंटेलीजेंस की टीम ने छापेमारी की। टीम गौरव जायसवाल और एक बैग जिसमें कागजात थे अपने साथ लेकर गई है। बताया जा रहा है कि गौरव जायसवाल कलक्टरगंज,नयागंज में मटर और




प्लास्टिक का बहुत बड़ा दलाल है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गौरव बोगस कंपनियां बनाकर पैसा एक नंबर में करता था। कारोबारियों के मुताबिक गौरव मटर और प्लास्टिक की पन्नी की दलाली के साथ फर्जी इनवाइस बेचने और हवाला के कारोबार से भी जुड़ा हुआ है। उसके सगे भाई से जब पूछा गया कि कौन लोग आए थे तो उसने कैमरे के आगे कुछ भी बताने से मना कर दिया। बताया जा रहा है कि सुबह करीब 4 बजे पांच टीमों ने कारोबारी के प्रतिष्ठानों में छापा मारा है।

## हिमाचल में भारी बर्फबारी से बंद हुईं 353 सड़कें, कई जगह बत्ती भी हुई गुल

**शिमला (आरएनएस)।** हिमाचल प्रदेश के ऊपरी इलाकों में लगातार जारी बर्फबारी और बारिश के चलते सामान्य जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। बड़ी संख्या में सड़कें बंद हो गई हैं और कई इलाकों में बिजली की आपूर्ति भी बाधित हुई है।



मौसम खराब होने के चलते राज्य में 353 सड़कें बाधित हुई हैं। इसके अलावा 440 ट्रांसफॉर्मर्स के बंद होने के चलते कई इलाकों में बिजली नहीं पहुंच पा रही है। लाहौल-स्पीति में 168 सड़कें बंद हो गई हैं। इसके अलावा किन्नौर में 62, चंबा में 55, कुल्लू में 51, शिमला में 9 और मंडी में 8 सड़कें बंद हो गई हैं। इसके चलते मूवमेंट प्रभावित हुआ है और लोगों को अपने घरों में ही बंद रहना पड़ रहा है।

यही नहीं शिमला में घना कुहासा छाए होने के चलते विजिबिलिटी भी प्रभावित हुई है। ऐसे में वाहनों की आवाजाही बेहद धीमी हो गई है। लाहौल स्पीति, किन्नौर, पांगी, बड़ा भंगाल और कुल्लू एवं शिमला के कई ऊपरी इलाकों का संपर्क टूट गया है। हालांकि शिमला का कुफरी-फागू मार्ग पर ट्रैफिक बहाल हो गया है। वहीं शिमला रामपुर और शिमला-रोहड़ू मार्ग से भी बर्फ को हटाकर ट्रैफिक शुरू करायागया है। शिमला के डिप्टी कमिश्नर नेगी ने कहा कि शहर के कोठी इलाके में 70 मिलीमीटर बर्फबारी हुई है। इसके अलावा अन्य क्षेत्रों में भी यह आंकड़ा 30 से 12 सेमी तक का रहा है।

## सुप्रीम कोर्ट ने ईडब्ल्यूएस कोटा के साथ नीट-पीजी दाखिलों को दी हरी झंडी

### » नीट-पीजी दाखिलों पर गतिरोध खत्म

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने 27 प्रतिशत ओबीसी कोटा और 10 प्रतिशत ईडब्ल्यूएस कोटा के साथ नीट-पीजी दाखिलों को हरी झंडी दिखा दी है। हालांकि ईडब्ल्यूएस कोटा पर सुनवाई जारी रहेगी.अदालत के आदेश के बाद अब 2021 के लिए नीट-पीजी में दाखिले के लिए काउंसलिंग की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ और एएस बोपन्ना की पीठ के आदेश के मुताबिक राज्य सरकारों के मेडिकल कॉलेजों में भी अखिल भारतीय कोटा की सीटों पर कॉउंसलिंग ओबीसी छात्रों के लिए 27 प्रतिशत और ईडब्ल्यूएस छात्रों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण के साथ होगी। ओबीसी कोटा पर अदालत का यह अंतिम फैसला है। ईडब्ल्यूएस कोटा पर सुनाई जारी रहेगी. अदालत ने कहा कि इस समय ईडब्ल्यूएस कोटा के लिए सरकार द्वारा तय की गई आठ लाख रुपए सालाना आय की योग्यता को ही माना चाहेगा। हालांकि उस पर अलग से मार्च में सुनवाई होगी और उसके बाद जो भी फैसला आएगा उसके हिसाब



से आगे के दाखिलों में परिवर्तन लाए जाएंगे।

सुप्रीम कोर्ट में इन दोनों कोटा के तहत आरक्षण को चुनौती दी गई थी। इस चुनौती की वजह से काउंसलिंग की प्रक्रिया रुक गई थी जिसके विरोध में देश भर में हजारों रेजिडेंट डॉक्टर पिछले कई दिनों से विरोध कर रहे थे। हाल ही में ये डॉक्टर हड़ताल पर भी चले गए थे जिसकी वजह से कई अस्पतालों का काम बाधित हुआ था। अदालत के फैसले का अधिकांश रेजिडेंट डॉक्टरों ने स्वागत किया है. इस फैसले से करीब 50 हजारों डॉक्टरों के पीजी में दाखिले का रास्ता खुल गया है। पीजी में डॉक्टर आगे की पढ़ाई के साथ अस्पतालों में काम भी करते हैं। इस वजह से अस्पतालों ने भी इस फैसले से राहत की सांस ली है, लेकिन ईडब्ल्यूएस कोटा का मामला वहीं का वहीं है। याचिकाकर्ताओं ने आठ लाख आय की योग्यता का विरोध किया था। अदालत ने भी सरकार से यह बताने के लिए कहा था कि आखिर वो इस आंकड़े तक कैसे पहुंची। इसके बाद सरकार ने इस मामले पर एक तीन सदस्यीय समिति बनाई। समिति में पूर्व वित्त सचिव अजय भूषण पांडे, आईसीएसएसआर के सदस्य सचिव वी के मल्होत्रा और केंद्र सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार संजीव सान्याल थे। समिति ने 31 दिसंबर, 2021 को अपनी रिपोर्ट पेश की जिसमें उसने आठ लाख की सीमा को सही ठहराया। याचिकाकर्ता चाह रहे थे कि यह सीमा 2.5 लाख पर ला दी जाए. इस आय तक की सीमा में आने वाले लोगों को आय कर नहीं देना होता है।